Code No. **2/2/3**
कोड नं.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 14 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

हिन्दी (केन्द्रिक)
HINDI (Core)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*
Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 100*

1. निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं ***दो*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7+7

(क) कबहुँक हौं यहि रहनि रहौंगो ।
श्रीरघुनाथ-कृपालु-कृपा तें संत-सुभाव गहौंगो ।।
जथालाभ संतोष सदा, काहू सों कछु न चहौंगो ।
परहित-निरत निरंतर, मन क्रम बचन नेम निबहौंगो ।।
तरुष वचन अति दुसह स्रवन सुनि तेहि पावक न दहौंगो ।
विगतमान, सम सीतल मन, पर गुन, नहिं दोष कहौंगो ।।

(ख) हँसा ज़ोर से जब, तब दुनिया
बोली — इसका पेट भरा है ।
और फूट कर रोया जब,
तब बोली — नाटक है, नखरा है ।
जब गुमसुम रह गया, लगाई
तब उसने तोहमत घमण्ड की
कभी नहीं वह समझी इसके
भीतर कितना दर्द भरा है ।

(ग) मैं थी उज्ज्वल स्फूर्ति, पूर्ति
थी प्यारी अभिलाषाओं की
मैं ही तो थी मूर्ति तुम्हारी
बड़ी-बड़ी आशाओं की ।
आओ चलो, कहाँ जाओगे
मुझे अकेली छोड़, सखे !
बँधे हुए हो हृदय-पाश में
नहीं सकोगे तोड़, सखे !

2. नीचे लिखे काव्यांशों में से किन्हीं **दो** का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4+4

(क) सिंही की गोद में छीनता है शिशु कौन ?
मौन भी क्या रहती वह रहते प्राण ?
रे अजान,
एक मेषमाता ही
रहती है निर्निमेष —
दुर्बल वह —
छिनती संतान जब,
जन्म पर अपने अभिशप्त
तप्त आँसू बहाती है ।

(ख) जो तुम तोरौ राम मै नहिं तोरूँ ।
तुम सों तोरि कवन सों जोरूँ ।।
तीरथ बरत न करूँ अँदेसा ।
तुम्हरे चरन कमल क भरोसा ।।

(ग) इस पर भी आदमी
ईर्ष्या, अहं, स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख-सी दीवारें उठाता है
अपने को दूजे का स्वामी बताता है
देशों की कौन कहे
एक कमरे में
दो दुनिया रचाता है

3. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'अजहुँ न निकसै प्राण कठोर' पद में संत कवि दादू दयाल ने विरहिणी आत्मा की आकुलता का जो चित्रण किया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) ''हर बार बिखेरी गई किंतु
मिट्टी फिर भी तो नहीं मिटी।''
उपर्युक्त का आशय स्पष्ट करते हुए पठित कविता के आधार पर मिट्टी की महिमा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) 'वीरांगना' कविता में कवि ने नारी को लोहा रूप में देखकर उसके किन-किन रूपों को चित्रित किया है ? उनका वर्णन कीजिए।

4. प्रस्तुत गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6+6

(क) आदमी की ज़िंदगी अपने-आप में बहुत ही अकेली और नीरस होती है। आदमी-आदमी के रिश्ते-नाते उसका बहुत दूर तक साथ नहीं देते। पर जब वह इनसे आगे बढ़कर एक व्यापक सम्बन्ध कायम करने की कोशिश करता है, तो उसके साथ वन, पर्वत, नदी आदि सब चल पड़ते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। आज वह वनस्पतियों और पानी के रिश्ते को भूलकर अपने को भी अकेला बना रहा है और उनके आपसी संबंधों का भी विच्छेद करता जा रहा है।

(ख) देखते-देखते पत्तों की वह जोड़ी उद्ग्रीव हुई। मानो उसमें चैतन्य भर आया। उन्होंने अपने आस-पास और नीचे देखा। जाने उन्हें क्या दिखा कि वे काँपने लगे। उनके तन में लालिमा व्याप गई। कुछ क्षण बाद मानो वे एक चमक से चमक आए। जैसे उन्होंने खण्ड को कुल में देख लिया। देख लिया कि कुल है, खण्ड कहाँ है।

(ग) मिलर बोले, ''सोचते होंगे मुझ जैसे को तो बंदर का चित्र बनवाना चाहिए। हम लोग कहते तो हैं कि बंदर से आदमी बने, लेकिन आदमी बनकर अब हम प्रगति के साथ देवता बनने के स्थान पर पुनः बंदर ही बन रहे हैं, संपन्न बंदर, शक्तिशाली बंदर। शस्त्रों की रेस में अधिक संपन्न, दुनिया को खत्म करने की जिसमें अधिक ताकत वह अधिक प्रगत।''

5. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लगभग 60-60 शब्दों में दीजिए : 4+4

(क) 'मेरे लिए भारतीय होने का अर्थ' पाठ में लेखक ने देशप्रेम को एक घटना क्यों माना है ? यह घटना हर पीढ़ी में नए सिरे से कैसे घटित होती है ?

(ख) 'एक है जीवंत दृढ़ता और दूसरा निर्जीव जड़ता।' इस कथन में लेखक ने किनकी ओर संकेत किया है और क्यों ? 'एक था पेड़ और एक था ठूँठ !' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'नीलू' संस्मरण के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि नीलू ने 'कूत्ते की मौत मरना', मुहावरे को किस प्रकार झुठला दिया ।

6. रामधारी सिंह 'दिनकर' **अथवा** निर्मल वर्मा के जीवन, रचनाओं और भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 6

7. 'विविधा : भाग-2' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-40 शब्दों में दीजिए : 3+3+3

(क) गूँगा गाँव छोड़कर क्यों चला गया ? — 'मूँगा गूँगा' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) 'सत्यकिरण' एकांकी के आधार पर बताइए कि खगेश की दृष्टि में प्रसिद्ध साहित्यकार बनने के क्या गुण अपेक्षित हैं।

(ग) भगिनी निवेदिता के जन्म से पूर्व उनकी माँ ने ईश्वर से क्या प्रार्थना की थी ? वह प्रार्थना किस रूप में पूरी हुई ?

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30-30 शब्दों में दीजिए : 2+2

(क) ''किसका मज़ार है यह ?'' उसने बड़ी श्रद्धा के साथ उत्तर दिया, — ''हमारे पीर का। वो बौत बड़ा बली था।'' रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास में यह वार्तालाप किन पात्रों के मध्य, किस समय हुआ है ? इसका अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''रानी उनमें सर्वश्रेष्ठ पुरुष है'' जनरल रोज़ के इस कथन के अभिप्राय को समझाइए।

9. राजा गंगाधर राव **अथवा** तात्या टोपे की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

10. (क) किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए : 1

युवावस्था, तल्लीन, इत्यादि ।

(ख) किन्हीं **दो** में सन्धि कीजिए : 1

वाक् + जाल, निः + विकार, महा + ऐश्वर्य ।

(ग) किन्हीं **दो** पदों का समास-विग्रह कर समास का नाम भी बताइए : 2

जय-पराजय, कमलनयन, प्रधानमंत्री ।

11. (क) नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **दो** के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) आप पूज्यनीय हैं ।

(ii) भगत सिंह का देश सदा आभारी रहेगा ।

(iii) एक रुपयों की थैली ले आइए ।

(ख) नीचे लिखे वाक्य में यथास्थान सही विराम-चिह्न लगाइए : 2

नवयुवकों उठो तुमको परिश्रमी कर्मठ दूरदर्शी और ईमानदार होना चाहिए विवेकानन्द ने कहा

12. प्रस्तुत अनुच्छेद को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जिसे हम आधुनिकता कहते हैं, वह एक प्रक्रिया का नाम है। यह प्रक्रिया अन्धविश्वास से बाहर निकलने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया नैतिकता में उदारता बरतने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया बुद्धिवादी बनने की प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया धर्म के सही रूप पर पहुँचने की प्रक्रिया है। आधुनिक वह है, जो मनुष्य-मनुष्य को समान समझता है। इस अर्थ में आधुनिकता का आरंभ भारत में बुद्ध के समय हुआ था और वह धारा तब से बराबर बहती आ रही है। भारत के सन्तों ने जिस धर्म का आख्यान किया वह अधिक बुद्धिसंगत और नवीन है। उनके विचार आज के चिन्तन के अधिक समीप हैं। स्वामी दयानन्द एवं विवेकानन्द का चिन्तन भी आज के समाज में इसलिए आराध्य माना जाता है कि उनके चिन्तन की धारा जाति, वंश और गोत्र में विश्वास नहीं करती। यह धारा सभी धर्मों में एकता लाकर मनुष्य-मनुष्य को एक बनाना चाहती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) आधुनिकता का क्या आशय है ? 1

(ग) भारत में आधुनिकता की धारा का उदय बुद्ध के समय से क्यों माना है ? 1

(घ) आधुनिक चिंतन धारा की क्या विशेषता है ? 1

13. अपने नगर के महापौर के नाम पत्र लिखकर नगर में अनियमित एवं अपर्याप्त जल-वितरण से होने वाली असुविधाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए। 5

अथवा

गाँवों से शहरों की ओर युवा पीढ़ी के पलायन की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए संपादक, राजस्थान पत्रिका, जयपुर को पत्र लिखिए। 5

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) अनेकता में एकता : भारत की विशेषता

(ग) राजनीति और भ्रष्टाचार

(घ) बढ़ती जनसंख्या : समस्या और समाधान

(ङ) पढ़ा-लिखा युवा वर्ग और बेकारी